तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 30 जून 2024



12 50 लाख के स्प्रिंट पोस्ट गायब, ट्रैफिक सिग्नल पर...





13 बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान के संबंध में...







छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
▸कोपा ▸इलेक्ट्रिशियन
▸हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸डीजल मैकेनिक
▸फायर टेक्नालॉजी
▸स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24


**सफलता : दल्लीराजरा पुलिस व साइबर सेल ने आरोपी को पकड़ने लगाया एड़ी-चोटी का जोर**

# धरी रह गई शातिर ठग की चालाकी, पुलिस ने बिहार जाकर दबोचा, 24 लाख बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ दल्लीराजहरा/बालोद

आरोपी कितना भी शातिर क्यों न हो, कानून के रखवाले अगर चाहें, तो उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचा ही देते हैं। कुछ ऐसा ही कर दिखाया है दल्लीराजहरा पुलिस और साइबर सेल की टीम ने।

> ■ आरोपी के गांव के आसपास जंगल में पुलिस ने ग्रामीणों की वेशभूषा में डाला था डेरा

अपनी पहचान छिपाने के लिए सभी तरह के फर्जी दस्तावेज बनवाकर खाता खुलवाने और उसमें ठगी की रकम डलवाने के बाद भी आरोपी पुलिस के पंजे से नहीं बच सका। वह भी तब, जबकि आरोपी के गांव वालों के साथ ही वहां की स्थानीय पुलिस भी आरोपी के बचाव में खड़ी रही। लेकिन, तमाम विरोधों और दबावों के बावजूद दल्लीराजहरा पुलिस और साइबर सेल की टीम साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए शेर की मांद से उसका शिकार निकाल लाई। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ ही उसके पास से लूट की रकम 24 लाख रूपए भी सही-सलामत लाने में सफल रही, हालांकि आरोपी ने करीबन एक लाख रूपए खर्च कर दिए थे।

दल्लीराजहरा पुलिस और साइबर सेल की टीम ने बिहार में जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नगदी 24 लाख रुपए बरामद किए हैं। शनिवार को पुलिस अधीक्षक एसआर भगत ने मामले का खुलासा किया। श्री भगत ने बताया कि दल्लीराजहरा निवासी शुभम ठाकुर को साइबर ठग ने फोन करके 17 फरवरी 2024 से लेकर 6 मई 2024 तक यानिकी करीब चार महीने तक मुंबई मुख्य ब्रांच का मैनेजर बताकर आरबीआई चार्ज, जीएसटी चार्ज, इंकम टेक्स सहित कई अलग अलग टेक्स का हवाला देकर आरोपी द्वारा फोन के माध्यम से ही शुभम ठाकुर को ठगी का शिकार बनाया जा रहा था। आरोपी के झांसे में आकर शुभम ने अलग अलग किस्तों में 24 लाख 92 हजार रुपए आरोपी ठग के खाते में डाल भी दिया। जब उसे ठगी का अहसास हुआ तो उन्होंने 22 मई को दल्लीराजहरा थाना में अज्ञात ठग के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई। उसके बाद पुलिस ने टीम तैयार की और आरोपी को पकड़ने बिहार रवाना हुई। सबसे बड़ी बात यह है कि जिले में पहली बार इतनी बड़ी रकम को ठगी करने वाले आरोपी के कब्जे से बरामद किया गया है। इससे पहले भी कई ठगी के मामले सामने आए हैं और लाखों रुपए जब्ती भी हुई है, लेकिन इतनी बड़ी रकम 24 लाख रुपए को एक आरोपी के घर से बरामद करके सुरक्षित बालोद लाने का यह पहला मामला है।

**आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस को करना पड़ा मुश्किलों का सामना-** मामले को लेकर पुलिस और सायबर की टीम मोबाइल नंबर को ट्रेस करते हुए करीब एक सप्ताह तक बिहार में रहकर ग्रामीणों की वेशभूषा में ही आरोपी की पता तलाशी करते रही। पुलिस बिहार में करीब एक सप्ताह तक कड़ी मशक्कत के बाद आरोपी सोनू कुमार को उसके घर नवादा जिले के महरत गांव से गिरफ्तार कर बालोद लौट आई। आरोपी के कब्जे से यानिकी उसके घर से 24 लाख बरामद किए, जबकि 92 हजार रुपए को आरोपी खर्च कर चुका था।

**फर्जी दस्तावेज तैयार कर घटना को दिया अंजाम-** पुलिस के अनुसार पकड़ा गया 19 साल का आरोपी सोनू कुमार साइबर ठगी का इतना मास्टरमाइंड है कि उसने भी तरह के दस्तावेजों को फर्जी तरीके से बनाकर घटना को अंजाम दिया था। आरोपी को पकड़ने में पुलिस एड़ी चोटी का जोर लगा चुकी थी, लेकिन सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ही आरोपी ⏭ शेष पेज 13 पर

**स्वयं को मुंबई मुख्य ब्रांच का मैनेजर बताकर टैक्स के नाम पर जमा करा ली थी रकम**





### पश्चिम बंगाल से खरीदा सिम

मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार जोशी के पर्यवेक्षण में सीएसपी राजहरा चित्रा वर्मा व एसडीओपी बालोद देवांश सिंह राठौर के नेतृत्व में थाना राजहरा के अपराध क्रमांक 145/2024 धारा 420 भादवि 66 डी आईटी एक्ट के अज्ञात आरोपियों के पतासाजी शुरू की गई। इस दौरान सायबर सेल बालोद व थाना राजहरा द्वारा अज्ञात आरोपी के संबध में तकनीकी साक्ष्य, बैंक डिटेल, केवायसी डिटेल, बैंक एटीएम सीसीटीवी फुटेज एकत्र कर आरोपी का लोकेशन नवादा बिहार का होना पाया गया। जानकारी मिलने के बाद आरोपी की पतासाजी के लिए सीएसपी राजहरा देवांश सिंह राठौर के नेतृत्व में थाना प्रभारी राजहरा सुनील तिर्की के साथ्झ सायबर सेल व थाना राजहरा से 5 सदस्यीय विशेष टीम बना कर बिहार रवाना किया गया था। टीम द्वारा गया बिहार जाकर खाता व आधार की जानकारी लेने पर वहां अज्ञात आरोपी के दिए निवास पर जाने से वहां उस व्यक्ति के नाम का कोई नहीं होना पाया गया। खाता धारक के आधार व बैंक खाता से संबंधित कोई भी साक्ष्य वहां नहीं मिलने पर टीम ने जिला नवादा शेखपुरा एवं जिला नालंदा बरविगा जाकर वहां लगी एटीएम से सीसीटीवी फुटेज प्राप्त किया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात व्यक्ति की पहचान करने टीम ने कैंप किया, उसके बाद भी आरोपी की सुराग नहीं मिली। इस बीच ठगी करने वाले संदिग्ध गांव का पता करने पर ग्राम महरत, शेखपुरा सराय, कतरीसराय, पांची के कुछ ठगों द्वारा इस प्रकार की ठगी किए जाने की जानकारी मिली। उसके बाद टीम ने जिला नवादा थाना शाहपुरा क्षेत्र के ग्राम महरत के बिहड़ जंगल में ग्रामीण वेशभूषा बनाकर डेरा डाल दिया। एटीएम से प्राप्त सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गांव के लोगों से पूछताछ की गई, लेकिन आरोपी के संबंध में किसी ने कोई जानकारी नहीं दी। बड़ी मुश्किल से जंगल में कुछ लोगों से मिली जानकारी के आधार पर आरोपी की पहचान सोनू कुमार पिता रविभूषण भूमियार उम्र 19 साल पता ग्राम महरत चाना शाहपुर जिला नवादा बिहार के रूप में की गई। उसके बाद उसे बीड़ जंगल से टीम ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। आरोपी ने बताया कि उसनेफर्जी तरीके से पश्चिम बंगाल से सिमकार्ड खरीदा और ग्राम डेला जिला गया में फर्जी बैंक खाता खुलवाया था। आरोपी ने बताया कि फेसबुक के माध्यम से छत्तीसगढ़ का मोबाईल नम्बर प्राप्त कर लोगों से ठगी करता है।

### आरोपी की गिरफ्तारी में इनकी रही विशेष भूमिका

नवादा बिहार जाने वाली टीम में थाना प्रभारी राजहरा निरीक्षक सुनील तिर्की, सहायक उप निरीक्षक कांताराम घिलेन्द्र, प्रधान आरक्षक विवेक शाही, आरक्षक भोप सिंह साहू, आरक्षक पूरन देवांगन की सराहनीय भूमिका रही। वहीं, तकनीकी टीम प्रभारी सायबर सेल जोगेन्द्र साहू, आरक्षक रूमलाल चुरेन्द्र, आरक्षक मिथलेश यादव, आरक्षक योगेश पटेल, आरक्षक गुलझारी साहू, आरक्षक विपिन गुप्ता शामिल रहे।

## खबर संक्षेप



### तीन नए कानूनों की दी गई जानकारी

**बालोद।** देश में 01 जुलाई 2024 से लागू हो रहे तीन महत्वपूर्ण कानून के जागरूकता के संबंध में शनिवार को गुण्डरदेही में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान एसडीएम गुण्डरदेही सुरेश साहू ने 01 जुलाई 2024 से लागू हो रहे तीन महत्वपूर्ण कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के सम्बंध में विस्तृत जानकारी उपस्थित जनों को दी गई। उन्होंने कहा कि पहले के कानून केवल आरोपी को केंद्र में रखकर बनाया गया था। लेकिन वर्तमान कानून आरोपी एवं पीड़ित दोनों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। उन्होंने कहा कि नए कानून आरोपी एवं पीड़ित के प्रति समान भाव रखता है। सभी वर्गों के लोगों को तीनों नए कानूनों के संबंध में समुचित जानकारी रखना आवश्यक है।

### एकलव्य महाविद्यालय ने जारी की मेरिट सूची

**डौंडीलोहारा।** स्थानीय शासकीय एकलव्य महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए स्नातक स्तर की कक्षाओं के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने के लिए 18 से 28 जून तक प्राप्त आनलाइन आवेदनों के आधार पर प्रथम मेरिट सूची जारी कर दी गई है। ऐसे छात्र-छात्राओं के ऑनलाईन आवेदन की प्रथम मेरिट सूची 29 जून को जारी की गई। सूची महाविद्यालय के सूचना पटल पर चस्पा करने के साथ ही महाविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड भी कर दी गई है। संस्था के प्राचार्य राजू लाल कोसरे ने बताया कि जिनका नाम प्रथम मेरिट सूची में चयन हुआ है, वे छात्र-छात्रायें ऑनलाईन आवेदन की हार्डकापी के साथ समस्त मूल दस्तावेज एवं उनकी छायाप्रति एवं निर्धारित शुल्क के साथ महाविद्यालय में निर्धारित अंतिम तिथि 6 जुलाई तक प्रवेश ले लें। प्रथम मेरिट सूची में चयनित छात्र-छात्राओं द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि तक प्रवेश नहीं लेने पर मेरिट सूची स्वतः समाप्त हो जाएगी।

### तीन दिनों से छाई बदली सुहाना हुआ मौसम

**डौंडीलोहारा।** मानसूनी वर्षा के बाद भी मौसम में गर्मी बनी हुई थी लोग उमस भरी गर्मी से बेहाल थे। उमस भरी गर्मी से अस्पतालों में भीड़ बढ़ रही थी। अभी लगातार तीन दिनों तक सूर्य देव के दर्शन नहीं हुए हैं। बदली होने का कारण मौसम में नमी बनी हुई है। ठंडी हवा के साथ मौसम सुहाना हो गया है। लोगों को फिलहाल उमस भरी गर्मी से निजात मिली हुई है।

# अंचल में सूदखोर सक्रिय, कई परिवार बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ दल्लीराजहरा

खनिज नगरी दल्ली राजहरा में इन दिनों चौक चौराहों और विभिन्न वार्डों के अलावा रेलवे कालोनी, बी ए स पी , पुराना बाजार, न्यू मार्केट, मुख्य मार्ग, शास्त्री बाजार सहित अन्य क्षेत्रों में अवैध सूदखोरों की बाढ़ सी आ गई है। वहीं, ब्याज खोरों की वजह से सैकड़ों परिवार बर्बाद हो चुके हैं। उधर, पुलिसिया कार्रवाई नहीं होने की वजह से इनके हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। दर्जनों पीड़ित परिवार के लोगों ने बताया कि शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही है, जिसके कारण सूदखोरों लोग ज्यादा परेशान करने लगे हैं। सूदखोरी का दल्लीराजहरा सहित क्षेत्र में धंधा वर्षों से चला आ रहा है। कभी बड़े-बड़े सेठ, महाजन, साहूकार और प्रतिष्ठित लोग इस धंधे में शामिल थे, जो जरूरतमंदों को ब्याज पर रुपए देने का काम करते थे। लेकिन धीरे-धीरे अब इस धंधे ने एक बड़ा रूप ले लिया है और छोटे-मोटे कई लोग इसमें शामिल हो गए, जो कर्जदारों के लिए अभिशाप बनते जा रहे हैं। इसकी काली छाया में कई जिंदगियां अपना सबकुछ गंवाने के बाद दम तोड़ती नजर आ रही हैं। ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं जो इस बात को साबित करते हैं।

> ■ बिना लाइसेंस कारोबार में जुटे कई लोग, कार्रवाई नहीं होने से बढ़े हौसले

**सरकारी कर्मचारी ज्यादा शिकार-** इस गोरख धंधे ने आज एक बड़े कारोबार का रूप ले लिया है। खासकर रेलवे और सरकारी कार्यालयों में सूदखोरी के धंधे ने बड़ी मजबूती से अपना पांव जमा रखा है। इसके शिकार सबसे ज्यादा सरकारी संस्थाओं के कर्मचारी ही हैं। पूर्व में कई ऐसी घटनाये हुई हैं, जहां कर्ज के बोझ तले दबकर कर्मचारी और उसके पूरे परिवार ने आत्महत्या कर ली। अपना नाम ना बताने की शर्त पर रेलवे में कार्यरत एक कर्मचारी ने बताया कि सूदखोरों द्वारा रेलवे में ज्यादातर क्लास 4 कर्मचारियों को अपना शिकार बनाया जाता है। क्योंकि कर्मचारियों को समय पर सैलरी के साथ ही किसी भी बैंक या रेलवे में चल रहे को-ऑपरेटिव बैंक से लोन आसानी से मिल जाता है। इस बात का फायदा उठाकर सूदखोर उनसे उनकी बैंक ⏭ शेष पेज 13 पर




### जांच कर की जाएगी कार्रवाई

इस संबंध में अनुविभागीय दंडाधिकारी आरके सोनकर ने कहा कि सूदखोर के खिलाफ शिकायत नहीं आई है। शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, सीसी चित्रा वर्मा ने कहा कि आपके माध्यम से संज्ञान में आया है। शीघ्र ही सूक्ष्म जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### बढ़ता जा रहा काला कारोबार, बिना रजिस्ट्रेशन के गोरखधंधा

दल्लीराजहरा का एक बड़ा क्षेत्र कभी रोजगार और मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहा। इस दौरान जरूरतमंदों और खेती किसानी करने वाले लोगों को ब्याज पर रुपये बांटने वाले सेठ, साहूकार, महाजन और कुछ प्रतिष्ठित लोग ब्याज पर रुपए देने का काम करते थे और इसकी एवज में 2 प्रतिशत से लेकर 10 परसेंट तक मंथली ब्याज वसूला करते थे। समय पर ब्याज ना मिल पाने की एवज में यह चक्रवृद्धि ब्याज के रूप में परिवर्तित हो जाता था, जिसके बोझ तले बहुत से कर्जदार दब जाते थे और अंत में सूदखोरों द्वारा उनकी जमीनें, प्रॉपर्टी अपने नाम कराने के बाद पीड़ित कर्जदार के हाथ कुछ नहीं बचता था। अंत में कई पीड़ितों को अपनी जीवन लीला ही समाप्त करनी पड़ जाती थी। ऐसे कई मामले पहले भी सामने आते थे, लेकिन अब धीरे-धीरे सूदखोरी के इस काले धंधे ने एक बड़ा रूप ले लिया है। हालांकि कुछ लोग रजिस्ट्रेशन के आधार पर इस धंधे में शामिल हैं। लेकिन सिस्टम से काम करने वाले इक्के दुक्के ही हैं। बहुत से ऐसे लोगों ने भी इस धंधे में पांव जमा रखा है, जिनका ना तो कोई रजिस्ट्रेशन है और ना ही कोई ऑथेंटिक कारोबार। बावजूद इसके यह इस गोरख धंधे में शामिल हैं और कई जिंदगियों को बर्बाद कर अपना कारोबार बढ़ा रहे हैं। इन लोगों ने वसूली के लिए आदमी भी रखे हुए हैं। सूदखोरी के इस धंधे की वजह से दल्लीराजहरा और उसके आसपास के कई क्षेत्रों से लोगों द्वारा आत्महत्या या पूरे परिवार सहित अपनी जीवन लीला समाप्त करने की घटनाएं लगातार होती रही हैं।


हरिभूमि पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100


# तीन नए कानूनों के संबंध में दी गई लोगों को जानकारी



**गुरूर।** जनपद पंचायत गुरूर में 1 जुलाई से देश में प्रभावशील हो रहे तीन नए कानूनों को लेकर जागरूकता अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान तीन नए कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के बारे में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य के साथ क्षेत्र के ग्राम पंचायत के सरपंचों को कार्यशाला में बुलाकर जानकारी दी गई।




## खबर संक्षेप



### अतिरिक्त सचिव काटिया सेवानिवृत्त, दी विदाई

**रायपुर।** विधि विधायी कार्य विभाग, मंत्रालय में पदस्थ अतिरिक्त सचिव उमेश कुमार काटिया सेवानिवृत्त हो गए। शुक्रवार को उन्हें विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विदाई दी। वे मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में कुल मिलाकर 35 साल सरकारी सेवा में रहे। विदाई के दौरान अधिकारियों-कर्मचारियों ने उनके स्वर्णिम भविष्य की कामना की। इस दौरान विभाग के प्रमुख सचिव रजनीश श्रीवास्तव, अतिरिक्त सचिव मोहन गुप्ता, शहाबुद्दीन कुरैशी, उपसचिव प्रशांत भास्कर, मंत्रालयीन कर्मचारी संघ के उपाध्यक्ष हीरा सिंह बघेल, अवर सचिव योगेंद्र सिंह, दिलीप कुमार सेन, बीपी सोहगौरा, पंखुरी वर्मा, शैल साहू आदि उपस्थित रहे।

### गिरफ्तारी पर रोक लगाने की मांग

**रायपुर।** सतनाम रक्षा मंच द्वारा छत्तीसगढ़ में संचालित संगठन सतनामी समाज भारत देश ने बलौदाबाजार तोड़फोड़ मामले में जांच की मांग की है तथा सतनामी समाज के लोगों की गिरफ्तारी पर रोक लगाने की मांग की है। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेंद्र बंजारे ने विज्ञप्ति के माध्यम से कहा है कि मुख्यमंत्री कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि प्रदेश में शराबबंदी लागू की जाए, समाज का राष्ट्रीय मुख्यालय बनाने नवा रायपुर में जमीन दी जाए।

### रामायण महोत्सव एवं रामलीला उत्सव शुरू

**रायपुर।** आदर्श नगर में श्री शिव हनुमान मंदिर प्रांगण में श्री रामायण महोत्सव एवं रामलीला उत्सव की शुरुआत शुक्रवार से हो गई। जहां गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित रामायण एवं रामलीला का मंचन किया जा रहा है। यह आयोजन 8 जुलाई तक चलेगा, जिसका समय शाम 7.30 से रात्रि 10.30 बजे तक है। कार्यक्रम के संचालक पं. विजय कुमार तिवारी हैं।

### छत्तीसगढ़ को मिले केंद्रीय कैबिनेट मंत्री

रायपुर। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने विज्ञप्ति के माध्यम से जारी बयान में कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य से 3 तीसरी बार लोकसभा चुनाव में अच्छी सीटें देने के बावजूद छत्तीसगढ़ को सिर्फ एक राज्यमंत्री ही मिला है। छत्तीसगढ़ राज्य को कम से कम एक केंद्रीय मंत्री मिलना चाहिए था। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य को तेजतर्रार मुख्यमंत्री की आवश्यकता है। भाजपा की साय सरकार का छत्तीसगढ़ की जनता ने बलौदाबाजार में हुए घटना देख ही लिया है, जो एक कमजोर सरकार का नतीजा है। साय सरकार की नाकामी के कारण छत्तीसगढ़ की जनता भुगत रही है और केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ राज्य के विश्वास को अनदेखा कर रही है।

### निगम में एमआईसी की बैठक 1 जुलाई को



**रायपुर।** नगर निगम के सचिवालय द्वारा महापौर एजाज ढेबर के आदेशानुसार मेयर इन काउंसिल, एमआईसी की बैठक 1 जुलाई सोमवार को दोपहर 12 बजे निगम मुख्यालय भवन महात्मा गांधी सदन के तृतीय तल स्थित सभाकक्ष में बुलाई गई है। यह जानकारी निगम के अपर आयुक्त एवं सचिव विनोद पाण्डेय ने दी।

### एमए हिंदी के परिणाम जारी

**रायपुर।** पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा एमए हिंदी प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। परीक्षा में 2 हजार 958 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 2 हजार 330 छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, जबकि 622 छात्र अनुत्तीर्ण रहे हैं। 6 छात्रों के परिणाम विविध कारणों से रोके गए हैं। वहीं 353 छात्र अनुपस्थित रहे। परिणाम 78.77 प्रतिशत रहे हैं, जिसे रविवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं।

# इलेक्ट्रिक गाड़ियों को चार्जिंग स्टेशन में 18 से 19 रुपए प्रति यूनिट लगेगा शुल्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में इलेक्ट्रिक गाड़ियों का क्रेज लगातार बढ़ रहा है। इसी के साथ ई-रिक्शा, दोपहिया वाहन से लेकर फोर व्हीलर गाड़ियों की संख्या लगातार बढ़ रही है, वहीं आगामी सितंबर या अक्टूबर से निगम की एक सौ इलेक्ट्रिक सिटी बसें भी शहर में दौड़ने लगेंगी, जिसके लिए तैयारी भी की जा रही है।

इलेक्ट्रिक सिटी बसें शुरू हों, उससे पहले निगम प्रशासन ने शहर में फोर व्हीलर इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन खोलने की पहल कर दी है। इसे लेकर निगम प्रशासन ने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) से एमओयू किया है। इसके तहत पहले चरण में 5 स्थानों पर फोर व्हीलर इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन खोले जा रहे हैं, जहां दोपहिया, ई-रिक्शा से लेकर चारपहिया वाहन चार्जिंग करा पाएंगे।

## 10 प्रतिशत हिस्सा निगम का बढ़ाएगा राजस्व, पहले चरण में 5 स्थानों पर खुलेंगे

### कार चार्जिंग का 60 से 80 रुपए लगेगा शुल्क

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एक इलेक्ट्रिकटू-व्हीलर को चार्ज करने में 1 से 1.5 यूनिट तक बिजली खर्च होती है, जबकि कार को चार्ज करने में 3 से 4 यूनिट तक बिजली खर्च होती है। चार्जिंग स्टेशन पर टू-व्हीलर को फुल चार्ज करने में 20 से 30 रुपये और फोर-व्हीलर को चार्ज करने में 60 से 80 रुपये खर्च आएगा।



*प्रति यूनिट 19 रुपए शुल्क, 10 प्रतिशत हिस्सा निगम को देगी कंपनी : नगर निगम अधिकारियों के अनुसार चार्जिंग स्टेशनों में बाजार मूल्य में यानी 18 से 19 रुपए प्रति यूनिट की दर से शुल्क लिया जाएगा। इस आय का 10 प्रतिशत हिस्सा कंपनी निगम प्रशासन को देगी, जिससे निगम का राजस्व भी बढ़ेगा।*

### चार्जिंग स्टेशन खुलने से इलेक्ट्रिक गाड़ियों को मिलेगा बढ़ावा

कलेक्टर की मौजूदगी में कंपनी के साथ एमओयू हुआ है। आगामी 15 दिनों के भीतर चयनित 5 स्थानों पर चार्जिंग स्टेशन खुल जाएंगे। चार्जिंग स्टेशन खुलने से इलेक्ट्रिक गाड़ियों को बढ़ावा मिलेगा। यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**- अबिनास मिश्रा, आयुक्त, नगर निगम रायपुर**

### दूसरे चरण में 5 और स्टेशन होंगे स्थापित, स्थल का किया जा रहा चयन

निगम अधिकारियों ने बताया कि कंपनी के सहयोग से शहर में दूसरे चरण में 5 और फोर व्हीलर चार्जिंग स्टेशन की स्थापना की जाएगी। इसके लिए स्थानों के चयन की प्रक्रिया जारी है। अधिकारियों ने बताया कि इसके अलावा प्राइवेट अन्य कंपनियों से भी चार्जिंग स्टेशन खोलने के लिए बातचीत की जा रही है।

### चार्जिंग स्टेशन के सेटअप का पूरा खर्च कंपनी करेगी वहन

निगम प्रशासन और आईओसीएल के बीच हुए एमओयू के तहत शहर में पहले चरण में 5 प्रमुख जगहों पर फास्ट चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। इनमें सुभाष स्टेडियम परिसर, पुराना स्मार्ट सिटी ऑफिस परिसर, गांधी उद्यान, अनुपम गार्डन और जवाहर बाजार पार्किंग स्थल शाामिल है। सभी स्थानों पर चार्जिंग स्टेशन सेटअप का पूरा खर्च कंपनी उठाएगी। इसके एवज में कंपनी चार्जिंग स्टेशन का संचालन करेगी।

## राजधानी में यातायात व्यवस्था बनाने के लिए ट्रैफिक व निगम के अफसर करवाएंगे सर्वे

# 50 लाख के स्प्रिंट पोस्ट गायब, ट्रैफिक सिग्नल पर लेफ्ट-राइट टर्न बनाने नए सिरे से प्लानिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चौराहों के पास लेफ्ट व राइट टर्न की सुविधा देने के लिए लगाए गए स्प्रिंट पोस्ट गायब हैं। इसे लगाने पर निगम व ट्रैफिक पुलिस ने मिलकर दो साल पहले 50 लाख से ज्यादा खर्च किया था। ट्रैफिक व्यवस्था बनाने के लिए प्लास्टिक के पोस्ट भी लगाए थे। इससे लेफ्ट व राइट साइड आने-जाने वाले लोगों को सिग्नल बंद होने पर रुकने की जरूरत नहीं पड़ती थी। सिग्नल खुलने पर अव्यवस्था की स्थिति भी नहीं बनती थी। अभी स्प्रिंग पोस्ट गायब होने से लोग सिग्नल के पास अंतिम छोर तक जमे होते हैं, इससे सुविधा बाधित हो रही है।

राजधानी में करीब 55 चौराहे ऐसे हैं, जहां दो साल पहले स्मार्ट सिटी और ट्रैफिक पुलिस ने मिलकर वाहन चालकों की सुविधा के लिए प्लास्टिक के स्प्रिंट पोस्ट लगवाए थे। इनको रात में प्रवेश करने वाले भारी वाहन चालकों ने नुकसान पहुंचाया। पाइपलाइन बिछाने के लिए प्रमुख चौराहों के पास की गई खोदाई के दौरान भी प्लास्टिक पोस्ट को 10 स्थानों से निकाला गया। जिन चौराहों पर यह अव्यवस्था की गई, उन सभी चौराहों की निगरानी इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) से की जाती है। इसके बाद भी लेफ्ट व राइट टर्न के लिए लगाए गए स्प्रिंट पोस्ट को तोड़ने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। अब निगम द्वारा सभी प्रमुख सड़कों का डामरीकरण किया गया है। इसके चलते बचे हुए लेफ्ट व राइट टर्न को निकाल दिया है। अभी तक निगम व ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी नए सिरे से प्लानिंग भी नहीं कर पाए हैं।






### इन चौराहों से व्यवस्था गायब

पड़ताल के दौरान बंजारी वाले बाबा चौक के पास से भी राइट व लेफ्ट टर्न के लिए लगाया गया स्प्रिंट पोस्ट गायब मिला। अंबेडकर चौक के पास लेफ्ट व राइट टर्न के लिए लगाए गए प्लास्टिक के पोस्ट टूट-फूट के शिकार हैं। पंडरी चौक से केनाल रोड जाने के लिए टर्निंग के पास से स्प्रिंट पोस्ट गायब हो गया है। इसी तरह की स्थिति लोधीपारा चौक के पास भी देखने को मिली। जयस्तंभ चौक, कालीबाड़ी चौक, बिजली ऑफिस चौक के साथ फाफाडीह चौक पर भी लोगों की सुविधा के लिए बनाया गया सिस्टम ध्वस्त हो चुका है। इससे ऑटो चालक मनमाने तरीके से अब गाड़ी भी खड़ी करने लगे हैं।

### चौक-चौराहों पर करवाएंगे काम

जिन-जिन चौराहों पर प्रस्तावित काम हो चुके हैं, ऐसे स्थानों पर दोबारा लेफ्ट व राइट टर्न की सुविधा देने के लिए सर्वे करवाया जाएगा। वहां स्थाई सुविधा के लिए प्लानिंग की जा रही है। इसके बाद व्यवस्था बनाने के लिए जरूरी काम करवाए जाएंगे।

**- अबिनाश मिश्रा,** आयुक्त, नगर निगम, रायपुर

### वाहन चालक कर रहे मनमानी

कालीबाड़ी से बिजली ऑफिस चौक जाने वालों ही नहीं, बल्कि बिजली ऑफिस से महिला थाना की तरफ जाने वालों को भी अब सिग्नल पर रुकना पड़ रहा है। कालीबाड़ी चौक से पुलिस लाइन जाने वालों को भी सुविधा नहीं मिल रही है। यहां दिन में कई बार अव्यवस्था की स्थिति बनती है। इसी तरह फाफाडीह, शंकर नगर, लोधीपारा चौक के पास भी लेफ्ट व राइट टर्न की सुविधा वाहन चालकों को नहीं मिल रही है, क्योंकि सिग्नल बंद होने से जल्दी निकलने के चक्कर में आटो चालक आगे आ जाते हैं। इससे जिन लोगों को आगे नहीं जाना होता है, ऐसे वाहन चालक भी सिग्नल पर रुकने लगे हैं।

## रेस्टोरेंट, ढाबा सहित 23 दुकानों में मिली गंदगी निगम ने लगाया जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बारिश का सीजन शुरू होने के साथ शहर में नगर निगम स्वास्थ्य विभाग की टीम रेस्टोरेंट, ढाबा, होटल सहित अन्य दुकानों का औचक निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था की जांच कर रही है। इस कड़ी में शुक्रवार को जोन-8 के बाजार क्षेत्र में ठेला गुमटी, ढाबा, रेस्टोरेंट सहित अन्य करीब 23 दुकानों की जांच की गई है। इस दौरान इन सभी जगह गंदगी पसरी मिली। निगम ने सभी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनसे कुल 10 हजार 2 सौ रुपए जुर्माना वसूल किया है। इस कार्रवाई में जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन, कार्यसहायक रवि घृतलहरे, हेमंत दास मौजूद रहे।

### निगम अमले ने हटवाए 30 ठेले

**रायपुर।** जनशिकायत मिलने पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा एवं जोन-3 जोन कमिश्नर सुश्री प्रीति सिंह के निर्देश पर जोन नगर निवेश विभाग के सहायक अभियंता सुशील अहीर के नेतृत्व में उपअभियंता रंजीत बारवा की उपस्थिति में राजधानी शहर के पंडरी मुख्य मार्ग में एलआईसी ऑफिस से लोधीपारा चौक तक मार्ग के दोनों ओर अभियान चलाकर मार्ग को जनहित में जनसुविधा के लिए कब्जामुक्त कराया गया। इस दौरान कार्यवाही करते हुए 30 अवैध ठेलों को हटवाया गया। आगे भी अभियान मॉनिटरिंग करके चलाने एवं मार्ग को जनहित में जनसुविधा के लिए सुगम व सुव्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश जोन अमले को दिए गए हैं।

# अहाता के बाद भी शराब दुकानों के आसपास संचालित हो रहे चखना सेंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी सहित राज्य में खुले में शराब सेवन रोकने शराब दुकान के पास अहाता संचालित करने का ठेका दिया गया है, बावजूद इसके शहर के अलग-अलग स्थानों पर संचालित शराब दुकानों के पास लोग अब भी खुले में शराब सेवन कर रहे हैं। शराब दुकान के सौ मीटर के दायरे में चखना सेंटर संचालित करना प्रतिबंधित किया गया है, बावजूद इसके खमतराई, उरला सहित कई इलाकों में शराब दुकान के सौ मीटर के दायरे में चखना सेंटर संचालित किया जा रहा है।

गौरतलब है कि राजस्व में वृद्धि के साथ खुले में शराब सेवन रोकने अहाता संचालित करने ठेका देने पर शासन को करोड़ों रुपए का राजस्व मिला है। शहर में संचालित कई शराब दुकानों के भीतर शराब पीने वालों को बाहर से खाने-पीने के आयटम लाने पर अहाता संचालकों ने रोक लगा दी है।

बावजूद इसके शराब दुकान के बाहर कई ऐसी दुकान संचालित हो रही हैं, जहां लोग ठेले, खोमचे में जाकर खाने पीने का सामान खरीदने के साथ शराब सेवन कर रहे हैं।



- अब तक बैंक गारंटी जमा नहीं की अहाता संचालकों ने
- खाने-पीने के आयटम लाने पर अहाता संचालकों ने रोक लगा दी

### मुनाफा की जगह हो रहा घाटा

अलग-अलग अहाता संचालकों से बात करने पर उन लोगों ने बताया कि उन लोगों ने कमाई की आस में ऊंची दर पर बोली लगाकर अहाता का ठेका ले लिया है, लेकिन उन्हें इससे मुनाफा की जगह घाटा हो रहा है। अहाता का ठेका जितनी दरों पर लिया गया है, उतनी दरों पर ठेका जाने की उम्मीद आबकारी अफसरों को भी नहीं थी। इसके कारण जिन लोगों ने अब तक बैंक गारंटी जमा नहीं की है, उन लोगों का अहाता का ठेका निरस्त नहीं किया गया है। ठेका निरस्त होने की स्थिति में ठेकेदार को नुकसान होने के साथ ही नए सिरे से ठेका देने पर आबकारी विभाग को जो पूर्व में बोली लगाई गई है, वह दर नहीं मिलेगी।

### आधे से ज्यादा लोगों ने बैंक गारंटी जमा नहीं की

जिले में संचालित देशी-विदेशी शराब दुकानों के लिए 55 स्थानों पर अहाता संचालित करने ठेके दिए गए हैं। अहाता संचालित करने वालों को 15 मई तक दो महीने की बैंक गारंटी जमा करनी थी, लेकिन उनमें से आधे से ज्यादा लोगों ने अब तक बैंक गारंटी जमा नहीं की है। आबकारी अफसरों के मुताबिक वर्तमान में केवल 20 के करीब अहाता संचालकों ने बैंक गारंटी जमा की है।

- ऑपरेशन कराने मरीजों को निजी अस्पताल में पैसे खर्च करने की मजबूरी

# एसीआई में एबीजी किट नहीं, तीन दर्जन से ज्यादा मरीजों की अटकी ओपन हार्ट सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के एकमात्र हृदय रोग के इलाज करने वाले एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट में पिछले तीन माह से ओपन हार्ट सर्जरी नहीं हो पा रही है। इसकी एक प्रमुख वजह एबीजी किट को बताया जा रहा है जो कई डिमांड के बाद भी अस्पताल तक नहीं पहुंच पाई है। इस किट का उपयोग रक्त में ऑक्सीजन और कार्बन डाइआक्साइड की मात्रा को मापने के लिए किया जाता है।

हृदय की बीमारियों से पीड़ित कई मरीजों को एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट से राहत मिलती है, मगर इस एकमात्र सरकारी अस्पताल को सुविधायुक्त बनाने में अब तक विभाग सफल नहीं हो पाया है। राज्य में हृदय संबंधी शिकायतें बढ़ रही हैं और उपचार की सुविधा नहीं होने की वजह से मरीजों को निजी अस्पताल में जाकर रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं। एसीआई की हार्ट सर्जरी विभाग में हर महीने बारह से पंद्रह ओपन हार्ट सर्जरी कर मरीजों की समस्या का समाधान किया जाता था, पिछले तीन माह से यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही है। गंभीर स्थिति में इलाज के लिए आने वाले मरीजों के लिए इधर-उधर से इंतजाम किया जा रहा है अथवा उन्हें दूसरे अस्पताल जाकर अपना इलाज कराने की सलाह दी जा रही है। सूत्रों के मानें, तो अस्पताल से पिछले तीन माह में तीन दर्जन से ज्यादा मरीज ओपन हार्ट सर्जरी करवाने के लिए निजी




अस्पताल की ओर जा चुके हैं। इसकी एक बड़ी वजह धमनी रक्त (एबीजी) परीक्षण करने के किट का अभाव है। अस्पताल सूत्रों का कहना है कि इसकी डिमांड काफी समय पहले की जा चुकी है, मगर किट की सप्लाई करने वाली सीजीएमएससी द्वारा अब तक इसकी सप्लाई नहीं की गई है। इसका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है।

### निजी अस्पताल में तीन लाख तक खर्च

ओपन हार्ट सर्जरी की सुविधा निजी अस्पतालों में भी इसके लिए वहां तीन से चार लाख रुपए तक खर्च करना पड़ता है। वहीं शासकीय अस्पताल में आयुष्मान योजना के तहत मरीजों पर इलाज के लिए कोई आर्थिक भार नहीं पड़ता। ऑपरेशन बंद होने की वजह से अभी मरीजों को इतनी बड़ी रकम इलाज के लिए खर्च करनी पड़ रही है।

### एनीस्थिया के डाक्टर भी नहीं

इस संस्थान की एकमात्र एनीस्थिसिया डाक्टर के छह माह पहले इस्तीफा दे दिया था। तब से दूसरी नियुक्ति नहीं हो पाई है, जिसका असर भी मरीजों के ऑपरेशन पर हुआ है। आवश्यकता होने पर चिकित्सकों द्वारा दूसरे अस्पतालों से प्रति ऑपरेशन की दर से राशि का भुगतान कर एनेस्थेटिस्ट बुलाए जाते हैं। कई बार उनकी व्यस्तता की वजह से मजबूरी में सर्जरी कैंसिल भी करनी पड़ती है।

### मॉड्यूलर ओटी बनाने अब तक टेंडर नहीं

एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट में दो एक करोड़ से अधिक राशि खर्च कर बनाए जाने वाले ऑपरेशन थियेटर का सिविल वर्क काफी समय पूरा हो चुका है, मगर इसे मॉड्यूलर बनाने का काम अब तक प्रारंभ नहीं किया जा सका है। निर्माण की जिम्मेदारी सीजीएमएससी के पास है और मॉड्यूलर ओटी बनाने एजेंसी तय की जानी है, जिसका टेंडर अब तक जारी नहीं किया जा सका है।

### कोई चारा नहीं

जिन मरीजों को शीघ्र ही ओपन हार्ट सर्जरी की आवश्यकता होती है, उन्हें दूसरे अस्पताल जाने की सलाह देने के अलावा कोई चारा नहीं है। सर्जरी के लिए जांच आवश्यक होती है, जिसके नहीं होने की वजह से ऑपरेशन नहीं हो पा रहे हैं।

**- डॉ. कृष्णकांत साहू,** सर्जन, सीटीवीएस विभाग एसीआई

- निर्माणाधीन मकान में लोगों की आंखों के सामने दौड़ते हुए सीढ़ियों के रास्ते ऊपर चढ़ी और पलक झपकते ही कूद गई
- घटना टिकरापारा थाना क्षेत्र के बोरियाखुर्द की

# मानसिक रूप से कमजोर महिला ने आठवें माले से कूद कर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा थाना क्षेत्र के बोरियाखुर्द में शुक्रवार दोपहर एक महिला द्वारा निर्माणाधीन बिल्डिंग के आठवें माले से कूदकर खुदकुशी करने की घटना सामने आई है। पुलिस के अनुसार महिला मानसिक रूप से बीमार थी, आत्महत्या के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है। परिजनों से पूछताछ के बाद आत्महत्या के कारण का पता चल पाएगा।

पुलिस के मुताबिक आरडीए कालोनी में रहने वाली 41 वर्षीय अविवाहित शबनम बानो ने निर्माणाधीन मकान की छत से



कूदकर खुदकुशी कर ली। ऊंचाई से सिर के बल गिरने की वजह से महिला का सिर फटने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना दोपहर 12 बजे के करीब है। महिला अपने परिवार वालों के साथ हती थी।

पुलिस ने लाश अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मरचुरी रवाना कर दी है।

### देखते ही देखते महिला छत पर चढ़कर कूद गई

प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि वे मौके पर खड़े थे, इसी दौरान एक महिला दौड़ते हुए निर्माणाधीन बिल्डिंग की सीढ़ियों में चढ़ने लगी। लोग कुछ समझ पाते इसके पहले महिला ने बगैर किसी तरह की आवाज किए छत से लोगों की नजरों के सामने कूद गई। मौके पर उपस्थित लोग मौके पर पहुंचे, तब तक महिला मर चुकी थी। इसके बाद लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस तथा मृतक के परिजनों को दी।

- तेलीबांधा थाना क्षेत्र में दो वर्ष पूर्व की घटना

# खाने-पीने के विवाद पर दादा की हत्या, उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र के सीमा नगर में दो वर्ष पूर्व शादी समारोह में खाने-पीने के विवाद पर पोता द्वारा अपने दादा की हत्या करने के आरोप में कोर्ट ने आरोपी को आजीवन कारावास के साथ डेढ़ हजार रुपए जुर्माना लगाया है। जुर्माने की राशि नहीं पटाने पर कोर्ट ने आरोपी को अतिरिक्त तीन माह कैद की सजा सुनाई है।

मामले की सुनवाई अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वंदना दीपक देवांगन की कोर्ट में हुई है। लोक अभियोजक राजेंद्र जैन के मुताबिक तुलसी मोंगराज की हत्या के आरोप में कोर्ट ने श्रीपति मोंगराज उर्फ डॉक्टर को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक के मुताबिक श्रीपति ने 10 मार्च 2022 को तुलसी की हत्या की थी। घटना दिनांक को शाम साढ़े सात बजे दोनों परिवार के शादी समारोह में



भोजन कर रहे थे। इसी दौरान खाने-पीने की बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। इसी विवाद के चलते श्रीपति ने लोहे के खोरपा से तुलसी के चेहरे पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिसकी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

## खबर संक्षेप



### रेंगाडबरी स्कूल में मनाया गया प्रवेश उत्सव

**डौंडीलोहारा।** वनांचल के ग्राम अरजपुरी के हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में माँ सरस्वती के छाया चित्र का अतिथियों के द्वारा पूजा कर सभी नव प्रवेशी बच्चों का मुंह मीठाकर,गणवेश एवं पुस्तक वितरण कर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अरजपुरी के प्राचार्य एनएल पिंकेश्वर, पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानपाठक टीएस गोरे प्राथमिक विद्यालय से बीना दास, सरपंच कुहकी मंडावी, शाला प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष दिलीप कुमार बघेल, पूर्व जनपद सदस्य गणेश राम रात्रे, विजय पटेल, केशर सिंह नेताम, कमलबन गोस्वामी, झाड़ू राम खरे, जगतु, राम, शंतराम, कोमल देवी उपस्थित रहे। अतिथियों के स्वागत और अभिभाषण के बाद हाईस्कूल और छात्रावास प्रांगण में पौधारोपण किया गया।

### मड़ियापार में यात्री प्रतीक्षालय निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन



**गुण्डरदेही।** ग्राम मड़ियापार तिराहा मेनरोड पर बहुप्रतीक्षित यात्री प्रतीक्षालय निर्माण कार्य का शनिवार को जनपद सदस्य ममता निजानंद चंद्राकर ने भूमिपूजन किया। प्रतीक्षालय का निर्माण ममता चंद्राकर द्वारा 15 वें वित्त की राशि से किया जा रहा है।

### जिला परिवहन कार्यालय पाकुरभाट के सामने किया गया पौधारोपण



**बालोद।** नेशनल इंश्योरेंस अवेयरनेस डे के अवसर पर इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस कंपनी द्वारा 1000 पेड़ लगाने का संकल्प लिया गया। जिला परिवहन कार्यालय ग्राम पाकुरभाट के सामने पौधारोपण का कार्य किया गया।
ब्रांच मैनेजर आयुषी पांडेय ने कहा कि आज के इस तपते हुए माहौल में सबसे जरूरी पौधारोपण है, आप यदि अपने आस पास अधिक से अधिक पौधारोपण करते हैं तभी प्रकृति का संतुलन बनाने में योगदान हो सकता है, प्रकृति पर नियंत्रण और जीवन की शक्ति बनाए रखने के लिए पौधे लगाना आवश्यक हो गया है। पेड़ ही आक्सीजन प्रदान करते हैं। हर व्यक्ति कम से कम एक पौधा तो अपने जीवन में केवल लगाए ही नहीं बल्कि उसके तब तक संरक्षण का संकल्प ले जब तक कि वह वृक्ष बनकर तैयार ना हो जाए। प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग को अगर कोई बचा सकता है तो वह वृक्ष है, इसलिए प्रकृति को बचाने के लिए आगे आए। इस अवसर पर जंजीर यातायात एवं बीमा सलाहकार प्रोपराइटर खिलता गंजीर, होमेंद्र गंजीर, ओम प्रकाश साहू, मनीष साहू, सुषमा बंजारे एवं गायत्री पटेल उपस्थित थे।

### समिति के अध्यक्ष पद पर ज्ञानू निर्वाचित

**दुर्ग।** बुद्ध विहार समिति शंकर नगर के चुनाव में ज्ञानेश्वर बागड़े अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए है। बुद्ध विहार समिति का चुनाव निर्वाचन अधिकारी राम रंगारी एवं पीठासीन अधिकारी सीएच ढोक द्वारा निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी की। जिसमें अध्यक्ष ज्ञानेश्वर बागड़े, उपाध्यक्ष केएन वासनिक, सचिव अशोक मडामे, सह सचिव किशोर चौरे, कोषाध्यक्ष संजय मेश्राम, अंकेक्षक राजकुमार फुले, संगठन सचिव विजय मेश्राम, कार्यकरिणी रामजी रंगारी, नारद गोंडाने, किशोर गोस्वामी, दिलीप सुखदेवे, सप्रेम चौरे, हितेंद्र चौहान, अतुल सूर्यवंशी, संजू श्यामकुंवर निर्वाचित हुए।

# उल्लास से जुड़ेगा शहर, अब हर घर में होगी किताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र में ऐसे लोगों की तलाश की जा रही है जो अपना नाम तो लिख लेते है, किन्तु शब्दों को जोड़कर वाक्य नहीं बना पाते। ऐसे लोगों के लिए उल्लास कार्यक्रम चलाया जा रहा है। शासन की इस महत्वकांक्षी योजना से निगम क्षेत्र भी जुड़ चुका है। स्लम क्षेत्र से लेकर ग्रामीण परिवेश वाले क्षेत्र में कक्षाएं लगेगी।

इसी परिपेक्ष्य में निगम के सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा विभाग की नोडल पुष्पा पुरूषोत्तम ने बताया कि यह अभियान पूरे देश में चल रहा है। अभियान से हर उस व्यक्ति को जोड़ना है जो पढ़ना नहीं जानता। उन्होंने बताया कि उल्लास कार्यक्रम में लोगों की सुविधा के हिसाब से कक्षाएं लगाई जाएगी। अभियान को सफल बनाने और लोगों को पूर्ण साक्षर करने आजीविका मिशन की सी.आर.पी. को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। कार्यशाला में विकासखंड शिक्षा अधिकारी गोविन्द साव, एबीओ जागेश्वरी चंद्राकर व जिला शिक्षा विभाग के श्री घोष उपस्थित थे।

## साक्षर करने मुहल्लों में लगेगी कक्षाएं, शिक्षा का बढ़ेगा दायरा

### अंक सूची मिलेगी

उल्लास कार्यक्रम में शिक्षा लेने वालों की विधिवत कक्षा लगेगी। साथ ही परीक्षा भी ली जाएगी। परीक्षाफल के हिसाब से अंकसूची प्रदान किया जाएगा। अगर कोई स्कूल गया है और उसके पास किसी भी कक्षा की अंक सूची नहीं है वह व्यक्ति भी इस कार्यक्रम से जुड़कर परीक्षा दे सकता है।



### सफाई मित्र के लिए अलग से क्लास

निगम में सफाई कार्य करने वाले ठेका श्रमिकों की संख्या लगभग 200 से अधिक है। इनमें कई ऐसे है जो हस्ताक्षर तो कर लेते है, किन्तु पढ़ नहीं सकते। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने ऐसे कर्मचारियों की सूची शिक्षा विभाग को देने कहा है।

**प्रशिक्षण : 24 से 28 जून तक दिया गया जोनस्तरीय एफएलएन प्रशिक्षण**

# बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान के संबंध में शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶|बालोद

जोन स्तरीय प्रशिक्षण के अंतर्गत एफएलएन प्रशिक्षण 24 से 28 जून तक बालोद में संपन्न हुआ। बालोद ब्लॉक के तीन केंद्रों स्वामी आत्मानंद हिंदी मध्यम शाला, हाई स्कूल झलमला एवं हाई स्कूल जमरूवा पर इसका आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान नई शिक्षा नीति के तहत निपुण भारत के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए कक्षा पहली से तीसरी तक के बच्चों को बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान के स्तर के लिए तैयार करने, इसके तहत सत्र 2026-27 तक पहली से तीसरी कक्षा के सभी बच्चों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान में आवश्यक स्तर पर पहुंचाना है, प्रशिक्षण में विशेष रूप से भाषा गणित जादुई पिटारा, नवाजतन और पुस्तकालय पर प्रशिक्षण दिया गया।

इसमें विभिन्न संकुलों के लगभग 141 प्रशिक्षु शिक्षक शामिल हुए। प्रशिक्षण देने के लिए एसआरजी ग्रुप से एवं डीआरजी ग्रुप से प्रशिक्षक के रूप में लोमस साहू, तोमन लाल भुआर्य महेश सोनकर, केसरिया सोनकर, शरद यादव, विकास लावत्रे, योगिता यादव, संध्या साहू, मोहन निषाद, मन्हारण साहू, अश्विनी सिन्हा प्रशिक्षक के रूप में रहे।

एलएलएफ फाउंडेशन की ओर से एफएलएन की ब्लॉक कोऑर्डिनेटर माया पवार, जिला अकादमीक कोडऍनेटर उत्तम साहू ने इस पूरे प्रशिक्षण का निर्देशन व संचालन किया, इस प्रशिक्षण में विशेष रूप से आगामी सत्र में भाषा शिक्षण एवं गणित शिक्षण किस प्रकार कराया जाना है इस पर पूरी जानकारी दी गई, शाला में उपलब्ध पाठ्य पुस्तक अभ्यास, अभ्यास पुस्तिका एवं शिक्षक संदर्शिका का उपयोग कर क्रमवार सप्ताह वार सभी भाषाएं कौशलों, गणित के कौशलों पर कार्य एवं गतिविधि करनी है।

इस प्रशिक्षण में विशेष रूप से भाषा के बुनियादी ज्ञान उसकी आवश्यकता चार खंडी दक्षता के साथ ही साथ गणित की बुनियादी जानकारी दैनिक जीवन में गणित का महत्व एवं गणित के कौशलों का विकास किस प्रकार हो इस पर यह चार दिवसीय प्रशिक्षण आधारित था।

प्रशिक्षण में सभी मास्टर ट्रेनर ने अपनी–अपनी विषय पर जानकारी दी, शिक्षकों से गतिविधियां भी कराई गई, सभी गतिविधियों में शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया, प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य निपुण भारत के तहत नई शिक्षा नीति के आधार पर आने वाले क्षेत्रें में किस प्रकार बच्चों में भाषाई कौशल, गणित कौशल का विकास हो यह प्रशिक्षण का मूल्य मुख्य उद्देश्य रहा, प्रशिक्षण में विशेष सहयोग के रूप में संकुल समन्वयक छोटेलाल चंद्राकर, गुरुमुख सिंह, संजय यादव, हिलेश्वर देवांगन, लाल रघुवीर सिंह, राकेश भेड़िया, संतोष वासनिक, नरेंद्र साहू ने विशेष व्यवस्था में सहयोग प्रदान किया। प्रशिक्षण के सभी शिक्षकों को मार्गदर्शन देते हुए डीईओ. पीसी मरकले, डीएमसी अनुराग त्रिवेदी, बीआरसी बालोद जितेंद्र गजेंद्र का आगमन प्रशिक्षण में होता रहा, उन्होंने सभी शिक्षार्थियों को विषेश जानकारियां व निर्देश दिया। इस प्रशिक्षण के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित भी किया। कार्यक्रम के प्रारंभ दिन एवं अंतिम दिन संकुल प्राचार्य अरुण साहू का मार्गदर्शन एवं सानिध्य प्राप्त हुआ, उन्होंने सबको इस प्रशिक्षण में सीखे चीजों को जाकर शालाओं में क्रियान्वयन करने पर जोर दिया।







# ऑनलाइन सट्टा, रेड्डी अन्ना और लोटस के 10 सटोरिया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

ऑनलाइन सट्टा रेड्डी अन्ना और लोटस का सट्टा का तीन पैनल चलाने वाले दस सटोरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सटोरियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 07,08 छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत जुर्म दर्ज किया है। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर और क्राइम एएसपी रिचा मिश्रा ने बताया कि उतई थाना क्षेत्र में ओम सिंह नामक व्यक्ति के माध्यम से नई आईडी और बैंक खाते लेने मास्टर माइंड आने की सूचना मिली थी। इस दौरान प्रभारी एसीसीयू तापेश्वर नेताम और उतई निरीक्षक विपिन रंगारी की टीम ने उतई बस स्टैण्ड के पास आरा बिहार निवासी अभिषेक कुमार ऑन लाइन गेमिंग सट्टा एप्प की आईडी व बैंकों के खाता लेने पहुचा था। पुलिस ने उसे घेराबंदी कर लवकुश फल दुकान के पास उतई से अभिषेक को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उसने ओम सिंह नामक व्यक्ति के बारे में बताया। इसके अलावा बैंकों के पासबुक, एटीएम कार्ड, चेक बुक लेने के लिए खडा होना स्वीकार किया। पहले भी ओम सिंह के माध्यम से ऑन-लाईन गेमिंग सट्टा एप्प के कारोबार के लिये उसके खाते लेना स्वीकार किया। वर्तमान में गोड़ान रोड आरा बिहार में किराये के मकान में बरहरा पोस्ट बंदु छपरा आरा, वड़हारा भोजपुर बिहार निवासी रजनेश सिंह, रवि कुमार, शिशुपाल सिंह, शंकर यादव, अमित कुमार सिंह, अविनाश कुमार, ऋषभ कुमार सिंह, प्रिंस कुमार, रिशांत सिंह को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से पुलिस ने लैपटॉप, एण्ड्रायड मोबाईल फोन, वाईफाई, विभिन्न बैंकों के खाते मिले है। आरोपियों द्वारा ऑन-लाईन गेमिंग एप्प रेड्डी अन्ना 250, लेजर 21, लोटस 33 नंबर के पैनलों के माध्यम से सट्टा कारोबार बेखौफ तरीके चलाता है। इस दौरान एसडीओपी आशीष बंछोर, उतई थाना प्रभारी विपिन रंगारे और एसीसीयू की टीम मौजूद थी।

- उतई पुलिस को मिली बड़ी सफलता
- मुख्य आरोपी आईडी व खाता लेने आया था

### 20 मोबाइल और 7 लैपटाप भी मिला

आरोपी अभिषेक सिंह के पास से तीन मोबाइल, चेक बुक, पासबुक, एटीएम कार्ड, रजिस्टर, नोट बुक जब्त किया है। अरोपी के निशानदेही पर गोडान रोड आरा में किराये के मकान में दबिश देकर ऑन-लाईन गेमिंग सट्टा एप्प के 10 सटोरियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार सटोरियों से 20 एण्ड्रायड मोबाईल फोन, 7 नग लैपटॉप, विभिन्न वैकों का पासबुक, चेकबुक, एटीएम कार्ड, रजिस्टर में सारा लेखाजोखा मिला है। जिसे पुलिस ने जप्त किया है।

## रनचिरई में मना शाला प्रवेशोत्सव



**गुण्डरदेही।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला रनचिरई संकुल केन्द्र भाठागांव आर के संयुक्त तत्वावधान में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात बच्चों का फूलों से स्वागत किया गया एवं चॉकलेट पेंसिल एवं पेन भेंट किया गया। इसके साथ ही बच्चों की आरती उतारकर उनका स्वागत किया गया। साथ ही कक्षा पहली एवं छठवीं में नव प्रवेशी बच्चों को पुस्तक वितरण किया गया। उसके बाद सेल्फी पॉइंट में आए हुए एसएमसी सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ में सेल्फी ली गई। वहीं, सभी नवप्रवेशी बच्चों के हाथों की छाप ली गई। इस अवसर पर एसएमसी सदस्यों ने शाला में पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत रनचिरई के सरपंच अखिलेश मिश्रा, पूर्व एसएमसी अध्यक्ष प्रभु राम टंडन, प्रधान पाठक जितेंद्र कुमार साहू, प्रभारी प्रधान पाठक रश्मि शुक्ला, ईश्वरी देवांगन, हेमलता चंद्राकर, दुलेश्वरी साहू एवं अंजू लता चंद्राकर तथा शाला प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# सड़क पार कर रही पार्षद पुत्री को बाइक सवार ने ठोका, हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

फोरलेन से सड़क पार कर रही युवती को बाइक चालक ने लापरवाही पूर्व वाहन चलाते हुए जोरदार ठोकर मार दी। घटना में युवती की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बाइक को जब्त कर चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। घटना बिजली नगर कालोनी के पहले गेट के पास हुआ है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि गतवा तालाब पार निवासी मीनाक्षी वर्मा 20 वर्ष अपने घर से मेहंदी की कोचिंग जाने के लिए निकली थी। आटो पकड़ने युवती बिजली कॉलोनी के गेट से होकर फोरलेन सड़क को पार कर रही थी। डिवाइडर पर पैदल वालों के लिए छोड़ी गई जगह से सड़क पार करते समय बाइक सीजी 04 एनजी 9888 के चालक ने लापरवाही पूर्व वाहन चालते हुए। मिनाक्षी को जोरदार ठोकर मार दी। बाइक की रफ्तार काफी तेज था। हादसे में मिनाक्षी को सिर पर गंभीर चोट आई थी। इसके अलावा पैर, हाथ समेत विभिन्न हिस्सों में चोट आई। जिससे मौके पर ही मिनाक्षी की मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुची पुलिस ने शव को पीएम के लिए शास्त्री अस्पताल सुपेला भेज दिया। जहां पीएम होने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। शव घर पहुचते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गमगीन माहौल में शव का अंतिम संस्कार भिलाई तीन मुक्तिधाम में किया गया। मृतका मीनाक्षी वर्मा के पिता राम खिलावन वर्मा भिलाई चरोदा निगम के दो बार के भाजपा पार्षद और उन्हें नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है। मीनाक्षी 4 बहनों में तीसरे नंबर थी। सड़क हादसे में मौत की खबर सुनकर महापौर निर्मल कोसरे समेत पक्ष, विपक्ष पार्षद,संगठन के लोग पीएम के दौरान मरचूरी में मौजूद रहे।



- घटना भिलाई तीन थाना क्षेत्र की
- भिलाई चरोदा निगम में पिता नेता प्रतिपक्ष हैं

### बाइक की रफ्तार पर अंकुश नहीं

शहर में बाइक सवारों के रफ्तारों का कहर लगातार जारी है। ट्रैफिक पुलिस के लाख कोशिशों के बाद भी बाइक सवार फोरलेन सड़क पर तेज रफ्तार से वाहव दौड़ाते आसानी से देखे जाते है। भिलाई तीन में हुए हादसे समेत सेक्टर में अनेक इस तरह के हादसे हो चुके है। इन हादसों में कई ने अपने परिवारों को खोया है। मगर बाइक चालक चालक अपनी रफ्तार कम नहीं करते है। भिलाई तीन में हुए पार्षद की मासूम बेटी की जान इसी रफ्तार के कारण चली गई। तेज रफ्तार में बाइक चलाने वालों पर अंकुश लगाने ट्रैफिक पुलिस को अभियान चलाना चाहिए।

## पेज 11 के शेष...

### धरी रह गई शातिर...

तक पुलिस पहुंचने में सफल रही और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।
**ग्रामीणों व स्थानीय पुलिस ने किया विरोध**–पुलिस के आलाधिकारी ने बताया कि जब बालोद की पुलिस टीम आरोपी के गांव तक पहुंची, तो वहां कोई भी व्यक्ति आरोपी के बारे में बता नहीं रहा था। लेकिन, काफी मशक्कत के बाद जब पुख्ता जानकारी जुटाकर जब टीम आरोपी को गांव के जंगल से पकड़ कर उसके घर लेकर ठगी की रकम को बरामद करने पहुंची तब ग्रामीणों ने घर का घेराव कर पुलिस का विरोध करने लगी। वहीं, स्थानीय पुलिस भी ग्रामीणों व आरोपी का पक्ष लेते हुए बालोद पुलिस को कार्रवाई करने से रोकने का प्रयास करती रही, लेकिन इस सबके बीच बालोद जिले की टीम आरोपी को ठगी की रकम 24 लाख सहित गिरफ्तार कर बालोद लौटने में सफल रही।

### अंचल में सूदखोर...

पासबुक और एटीएम भी अपने पास रख लेते हैं। सैलरी आते ही ब्याज की रकम निकाल कर शेष धनराशि उन्हें लौटा देते हैं। किसी कारणवश जब वह पैसा वापस करने में असमर्थ होता है तो बैंक के दलालों की मिली भगत से कर्मचारियों का लोन करा कर चक्रवृद्धि ब्याज सहित सारी रकम डकार ली जाती है और कर्मचारी पूरी तरह खुद को ठगा महसूस करता है।


**बीएसपी में आरक्षण के अमल पर चर्चा**

# पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज अहीर ने भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर ने भिलाई के दो दिवसीय दौर पर भिलाई निवास में बीएसपी प्रबंधन के साथ बैठक की। सलाहकार राजेश कुमार व बीएसपी के डायरेक्टर प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता, बैठक में बीएसपी में पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण नीतियों के कार्यान्वयन और सेल व अन्य संगठनों में अन्य पिछड़े वर्गों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई । बैठक में बीएसपी के डायरेक्टर प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता,अश्विनी देवांगन, डीप्टी कमिश्नर छग आदिम जाति और अनुसूचित जाति विभाग के डिप्टी कमिश्नर अश्विनी देवांगन,सहायक आयुक्त प्रज्ञान सेठ, निदेशक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा निदेशक हेमंत सिन्हा व आशुतोष पाण्डेय शामिल थे। बीएसपी कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रबर्ती, पवन कुमार, बी के गिरी उपस्थित थे। इसके अलावा मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, सेफी के चेयरमैन एन के बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह, सीजीएम चंद्रपुर बीएम मोहरकर, म विश्वनाथ बीएसपी के जीएम जे एन ठाकुर,एम के दुबे, शिवराजन नायर,एच शेखर व अतुल नौटियाल भी शामिल थे। उप प्रबंधक शालिनी चौरसिया ने ओबीसी के लिए आरक्षण नीति के क्रियान्वयन, अन्य संबंधित विषयों एवं बीएसपी के निष्पादन और विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। अवलोकन के पश्चात विभिन्न गतिविधियों पर विमर्श किया गया।





## खबर संक्षेप



### प्राथमिक शाला रेंगाडबरी में गुलाल लगाकर किया गया बच्चों का स्वागत

**डौंडीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक शाला रेंगाडबरी में शनिवार को शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष मैना बाई यादव, पालक समिति के अध्यक्ष गणेश राम साहू एवं सभी सदस्यों द्वारा कक्षा पहली में सभी नव प्रवशी बच्चों का गुलाल लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। शाला प्रबल समिति के अध्यक्ष मैना बाई यादव सभी बच्चों साफ स्वच्छ तरीके से शाला आने के लिए प्रेरित किया। पालक समिति के गणेश राम साहू ने सभी बच्चों को प्रतिदिन शाला आने और मन लगा कर पढ़ाई करने के लिए कहा। दिनेश कुमार जगनायक संकुल समन्वयक रेंगाडबरी द्वारा शासन के सभी योजनाओं की जानकारी दी गयी एवं चूंकि प्राथमिक स्तर बच्चों का नीव होने के कारण सभी पालकों एवं शिक्षकों को अधिक मेहनत की आवश्यकता होती है।शाला प्रवेश उत्सव में सभी बच्चों को निशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश वितरण किया गया। मध्याह्न भोजन महिला समूह के द्वारा न्यौता भोज में खीर पूरी दी गई। इस अवसर पर शिक्षक योगेश कुमार मालेकर एवं शिक्षिका कुमारी मंडावी उपस्थित थे।

### सरस्वती शिशु मंदिर पाररास में मनाया गया प्रवेश उत्सव



**बालोद।** सरस्वती शिशु मंदिर पाररास में प्रवेश उत्सव मनाया गया। इसमें कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता की पूजा अर्चना के साथ हुआ। उसके बाद कक्षा अरुण व प्रथम में नव प्रवेशी भैया बहनों को तिलक लगाकर मुंह मीठा कराकर स्वागत किया। इस अवसर पर निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण किया गया। कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 20 के पार्षद सरोजनी साहू, शाला अध्यक्ष रामेश्वरी साहू, देवश्री साहू, लक्ष्मी साहू, रुखमणी साहू, शाला की प्रधानाचार्य अंजू साहू एवं स्टाफ उपस्थित थे।

### प्राथमिक शाला गुण्डरदेही में किया गया पौधारोपण



**गुण्डरदेही।** शासकीय प्राथमिक शाला गुण्डरदेही में छात्र–छात्राओं को तिलक लगाकर व मुंह मीठा कराकर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया साथ ही शाला परिसर में फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर बालोद जिला भाजपा के पर्यावरण प्रकोष्ठ संयोजक सतीस महोबिया, मंडल महामंत्री सौरभ चोपड़ा व मंडल उपाध्यक्ष हरीश निषाद सहित प्राथमिक शाला के शिक्षक उपस्थित थे।

## निधन

### सखाराम साहू

**डौंडीलोहारा।** वनांचल के ग्राम भंवरमरा निवासी शतकवीर सखाराम साहू का शुक्रवार को निधन हो गया।



उनका अंतिम संस्कार शनिवार को किया गया। वे 105 वर्ष के थे। उनके तीन पुत्रों में दो पुत्र नोहर साहू व कृष्णा साहू पहले ही स्वर्गवासी हो चुके हैं। उनके एक पुत्र कृपाराम साहू जिनकी उम्र लगभग 77 वर्ष है, ने बताया कि उनके पिता का जन्म 1919 में हुआ था। वे गांवों में घूम घूम कर आयुर्वेदिक व होम्योपैथिक पद्धति से इलाज करते थे।

---

**अभियान : विधायक ने ग्राम अंडा में की एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत**

# अपनी धरती को हरा भरा बनाने और मां के सम्मान में एक पौधा अवश्य लगाएं : ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की गई। शनिवार को दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने ग्राम अण्डा में गाँधी भांठा में गुलमोहर का पौधा लगाकर अभियान की शुरुआ और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। उक्त अवसर पर सांसद प्रतिनिधि मनोज चंद्राकर, अजीत चंद्राकर, तिलक चंद्राकर, लुकेश देवांगन, राकेश चंद्राकर, अजय चौहान, भानपुरी सरपंच विजय यादव, जितेंद्र सिन्हा, राज हाड़िया, कमलजीत, अरुण देशमुख, चूम्मन साहू एवम ग्रामवासियों ने भी पौधे लगाए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत की है। श्री मोदी ने दिल्ली के बुद्ध जयंती पार्क में पीपल का पौधा लगाया। उन्होंने सभी से हमारे ग्रह को बेहतर बनाने में योगदान देने का भी आग्रह किया है। आगे विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम एक नई और प्रेरणादायक पहल है। इसका मुख्य उद्देश्य मातृत्व के सम्मान और पर्यावरण संरक्षण को एक साथ बढ़ावा देना है। इस पहल के तहत लोग अपनी माता के नाम पर एक पौधा लगाते हैं, जो न केवल पर्यावरण के लिए लाभकारी है, बल्कि माता के प्रति सम्मान और प्रेम प्रकट करने का एक सुन्दर तरीका भी है। इसी के तहत आज ग्राम अण्डा में सभी ग्रामवासियों के सामूहिक प्रयास से पौधे लगाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि जहां भी खाली जगह मिले, अपने घर, स्कूल, कालेज, तालाब पार, खेत, खलिहान अपने ऑफिस अपने-अपने कार्य स्थल पर एक पौधा अवश्य लगाएं और धरती माता का श्रृंगार करें।





### सोसायटी व थाने का किया निरीक्षण

इसके साथ ही विधायक ने ग्राम पंचायत अंडा में सहकारी सोसायटी एवं थाना क्षेत्र का निरीक्षण किया। वहीं, जनप्रतिनिधियों और आमजनता से संबंधित समस्याओं के संबंध में चर्चा की। इस दौरान उन्होंने राशन कार्ड लाभार्थी सीता, रुखमणि ठाकुर, किरण ठाकुर व मीनाक्षी चंद्राकर को राशन का वितरण किया।

---

# हर्राठेमा स्कूल में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हर्राठेमा में प्रवेश उत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। उसके बाद भारत माता की प्रतिमा का लोकार्पण किया गया। उसके बाद स्वामी विवेकानंद सभागार में नव प्रवेशी छात्र छात्राओं का सम्मान प्रभारी प्राचार्य सीएल कलिहारी एवं अतिथियों द्वारा गुलाल लगाकर, मुंह मीठा करके एवं निःशुल्क पाठ्य पुस्तक प्रदान कर किया गया। पूर्व प्राचार्य पीके देवांगन ने बच्चों को आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया। अंत में प्राचार्य द्वारा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया गया। कार्यक्रम में कृष्णा प्रसाद तिवारी, केशर देवांगन, धनउ राम गावडे, क्रांति कुंजाम, कस्तू राम निषाद, कोमल सिंह यारदा, श्रीराम पोर्ते, जागेश्वर नुरुटी, सरपंच जितेंद्र पटेल, अकबर सिंह कुंजाम, राम सिंह यादव, शिक्षक प्रमोद कुमार अवस्थी, प्रमोद कुमार ठाकुर, लता ठाकुर पिल्ले, रेणुका यादव, द्रौपदी सिंह, गीता देवांगन, लिखेंद्र सिंहा, शोभित कुमार पटेल, प्रयागराज ठाकुर, आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन लता ठाकुर ने किया।





---

**प्रवेशोत्सव के अवसर पर बच्चों का किया गया स्वागत**

# ग्राम गुरेदा में शासकीय विद्यालय के नवीन भवन का किया गया लोकार्पण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही।

ग्राम गुरेदा में प्रवेश उत्सव एवं लोकार्पण और ग्राम सकरौद में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव के आयोजन में विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कक्षा पहली छठवीं और नौवीं कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों को तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया।

शाला प्रवेश उत्सव के दौरान बच्चों को पाठ्य पुस्तक और स्कूल गणवेश वितरण भी किया गया, विधायक निषाद ने सभी नवप्रवेशी बच्चों को शाला प्रवेशोत्सव पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी और बच्चों को अपने उचित मार्गदर्शन से संस्कारवान बनाने वाले सभी शिक्षकों का भी अभिनंदन किए, इस दौरान विधायक ने ग्राम गुरेदा में शासकीय प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला के नवीन भवन का लोकार्पण किया गया।

विधायक निषाद ने कहा की पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना के तहत अंग्रेजी माध्यम और हिन्दी माध्यम स्कूल शुरू किए गए हैं। इन विद्यालयों की निजी स्कूलों से भी कहीं बेहतर है। हमारी सरकार ने बच्चों को अंग्रेजी भाषा सीखाने पर विशेष ध्यान दिया है, ताकि वे वैश्विक प्रतिस्पर्धा में पूरे आत्मविश्वास के साथ खड़े हो सके, आगे बढ़ने की उम्मीद के साथ अपने सपनों को साथ लिए मेहनत कर रहे इन बच्चों से उम्मीदे सभी को होती है, सरकार और अभिभावकों की एक बड़ी जिम्मेदारी होती है कि इन बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलने के साथ ही उनका व्यक्तित्व विकास भी हो। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद सोनादेवी देशलहरा, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही भोजराज साहू, रामसागर सिन्हा, मोंटू चंद्राकर, मानसिंह देशलहरा, तामेश्वर देशमुख, सागर साहू, हेमंत निषाद एवं प्राचार्य व संकुल समन्वय, प्रधान पाठक, शिक्षक एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

---

# शासकीय विद्यालय झोला में मना संकुल स्तरीय प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

संकुल स्तरीय प्रवेश उत्सव का आयोजन शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला झोला में किया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि गोपेन्द्र किशोर बेलचंदन वरिष्ठ समाज सेवी झोला थे, अध्यक्षता हेम कुमारी देशमुख जनपद सदस्य ने की। विशेष अतिथि घसिया राम देशमुख सरपंच तिरगा, सुरेश कुमार साहू सरपंच भोथली, धीरपाल देशलहरे सरपंच झोला, संकुल प्राचार्य पी. रामटेके थे। इस अवसर पर कक्षा पहली, छठवीं व नवमीं के नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत अतिथियों द्वारा तिलक लगाकर आरती उतारकर व मिठाई खिलाकर किया गया। बच्चों को शासन द्वारा प्रदत्त निःशुल्क पाठ्यपुस्तक तथा गणवेश का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि बेलचंदन ने बच्चों को नियमित शाला आकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। पालक, शिक्षक व विद्यार्थी आपस में समन्वय कर अच्छा शैक्षिक वातावरण का निर्माण कर बच्चों के सर्वांगीण विकास में भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि भी सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला तिरगा, झोला व भोथली के प्रधानपाठक, संकुल समन्वयक तिरगा संजय चंद्राकर, युवराज सिंह बेलचंदन, गणमान्य नागरिक व पालक उपस्थित थे।



---

# पोंडी में नवप्रवेशी बच्चों का किया गया स्वागत, दी गईं पाठ्य पुस्तकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोंडी में नव प्रवेशी बच्चों के स्वागत के लिये शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती पूजन के पश्चात सरस्वती वंदना, स्वागत गीत गाकर अतिथि एवं नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत किया गया। फिर बच्चों को तिलक लगाकर, मिठाई खिलाया गया और पुस्तक देकर अभिनन्दन किया गया।

इस अवसर पर सरपंच मुरलीधर भुआर्य, ग्रामीण मंडल बालोद के महामंत्री दानेश्वर मिश्रा, युवामोर्चा के मंडल अध्यक्ष पार्थ साहू, पालक समिति के अध्यक्ष राजकुमार प्रजापति सहित भारत साहू, प्राचार्य के नन्द, एवं शाला शिक्षक उपस्थित थे। महामंत्री दानेश्वर मिश्रा ने कहा कि जीवन में अनुशासन का महत्व अच्छे विद्यार्थी बनने के लिए प्रेरित करता है। बच्चों को स्कूल यूनिफार्म, अध्यापन का समय के साथ खेल खूद और व्यायाम पर ध्यान देने की बात कही, ताकि हमारा शरीर स्वस्थ रहे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में जो हम सीखते हैं वो जीवनभर काम आता है। घर में माता पिता और गुरुजनों का सम्मान करने की शिक्षा दिए। इस दौरान स्कूल के शिक्षकों को विषयवस्तु के नैतिक शिक्षा देने की बात कही।



---

**स्कूल में माता-पिता का परम्परागत तरीके से किया गया स्वागत**

# एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में मना पेरेंट्स-डे, पालकों ने विभिन्न स्पर्धाओं में लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में पेरेंट्स-डे बॉलीवुड थीम पर मनाया गया। इस कार्यक्रम को रोचक और मनोरंजक बनाने के लिए विविध प्रकार के आकर्षक खेलों का आयोजन भी किया गया। माता-पिता ने अपने खिलते हुए नन्हें फूलों के समान बच्चों के साथ बड़े ही मनमोहक तथा मनोरंजक कार्यक्रम में भाग लिया। उस समय का दृश्य ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो माता-पिता भी छोटे बच्चे बन गए हो। विद्यालय प्रबंधक विनीत राजोरिया, विद्यालय प्राचार्य पंकज जोशी एवं प्रधानाध्यापिका स्मृति शाही की मौजूदगी में कार्यक्रम की शुरूआत विद्या की देवी माँ सरस्वती की प्रतिमा के माल्यार्पण तथा द्वीप प्रज्वलन से की गई, जिसमें माता-पिता तथा विद्यालय के प्रमुख पदाधिकारीगण शामिल हुए। उसके बाद कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज जोशी एवं प्रधानाध्यापिका स्मृति शाही के उद्बोधन से ह। उसके बाद माता-पिता ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान परिस्थिति में शिक्षा की गुणवत्ता अतिआवश्यक है और यह समाज के विकास के लिए भी अहम है। कार्यक्रम में विशेष आकर्षण का केन्द्र शिक्षकों द्वारा शास्त्रीय नृत्य का सुन्दर प्रस्तुतिकरण था, जिसे सभा में उपस्थित सभी अतिथियों के द्वारा सराहा गया। उद्बोधन के पश्चात एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल की शिक्षिकाओं द्वारा विविध खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें सभी माता-पिता ने अभिरूचि दिखाई। कार्यक्रम में 300 से अधिक अभिभावक उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका स्मृति शाही एवं प्री-प्रायमरी विंग की एकेडमिक कोआर्डिनेटर शमा गोस्वामी ने कार्यक्रम में उनकी भागीदारी और उपस्थित के लिए समस्त माता-पिता को धन्यवाद तथा आभार प्रकट किया। उन्हें संबोधित करते हुए कहा कि समाज, परिवार तथा देश के निर्माण में माता-पिता का अमूल्य योगदान होता है। वे अपने बच्चों का संरक्षण माली की तरह करते हैं, जिससे वे बड़े होकर एक आदर्श मनुष्य बनकर राष्ट्र को गौरवान्वित कर सकें। विद्यालय प्राचार्य श्री जोशी अपने उद्बोधन में कार्यक्रम में आए सभी अतिथिगण को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय में आपके आगमन से बच्चों एवं सम्पूर्ण विद्यालय में नई उर्जा का संचालन होता है। अंत में विद्यालय प्रबंधन ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।



### प्रतियोगिताओं के विजेता पालकों को किया गया पुरस्कृत

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए अभिभावकों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इनमें हेमलता बंजारे, हरीतेष खुराना, हरप्रीत सलूजा, महीतोष सलूजा, भुवनेश्वर सिंह, नरेन्द्र देवांगन, गुलाब चन्द्र साहू, श्वेता बेस, दिया मोटवानी, मोनिका सुपेहिया, पंकज राजपूत, प्रभात कुमार साहू, बालमुकुंद साहू शामिल थे। इनमें से कुछ प्रतियोगिताओं के लिए पति-पत्नी दोनों को सम्मानित किया गया।

---

### चार महिला कर्मचारी हुई सेवानिवृत्त

**दुर्ग।** दुर्ग जिला कलेक्टोरेट कार्यालय में पदस्थ 04 महिला कर्मचारी अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बिदाई समारोह में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने सेवानिवृत्त महिला कर्मचारियों को शॉल, श्रीफल, मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया। साथ ही सेवानिवृत्त कर्मचारियों को ग्रेच्युटी एवं पेंशन स्वीकृति का आदेश भी प्रदान किया।

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, ब्रेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है